भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2693

दिनांक 04 अगस्त, 2026

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रशिक्षण

2693. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे :

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत पाँच वर्षों के दौरान ठाणे जिले के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा भिवंडी क्षेत्र के किसानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा उपलब्ध है, यदि हाँ, तो वर्ष-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार भिवंडी क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए कृषि विज्ञान केंद्र का कोई उप-केंद्र अथवा विस्तार केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा भिवंडी क्षेत्र के कितने किसानों को आधुनिक कृषि, बागवानी, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा पशुपालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क), (ग) तथा (घ) : जी, हाँ। ठाणे जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) द्वारा वर्ष 2022 से भिवंडी क्षेत्र में अनेक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन क्षमता विकास कार्यक्रमों में कुल 3434 किसानों ने सहभागिता की है। इसमें प्रमुख विषय-वस्तु क्षेत्रों में चमेली (जैसमीन) की वैज्ञानिक खेती, उद्यान प्रबंधन, सब्जी की जैविक खेती, जैव-इनपुट तैयार करना तथा इनका प्राकृतिक खेती में उपयोग, समेकित नाशीजीव प्रबंधन, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, दुग्ध का प्रसंस्करण और मूल्य-वर्धन, वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन, साईलेज तैयार करना आदि शामिल हैं। भिवंडी क्षेत्र के किसानों की कार्यक्रमों में सहभागिता की वर्ष-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) : वर्तमान में इस प्रकार का कोई मामला विचाराधीन नहीं है।

******

अनुबंध-I

{लोक सभा के दिनांक 04 अगस्त, 2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2693 का भाग (क), (ग) और (घ)}

कृषि विज्ञान केंद्र, ठाणे द्वारा आयोजित क्षमता विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले भिवंडी क्षेत्र के किसानों की वर्ष-वार संख्या

वर्ष	**आधुनिक कृषि**	**बागवानी**	**प्राकृतिक खेती**	**जैविक खेती**	**पशु-पालन**	**कुल**
2021-22	स्थापना वर्ष					
2022-23	137	--	65	113	293	**608**
2023-24	105	--	--	--	--	**105**
2024-25	1012	--	--	--	--	**1012**
2025-26	132	425	420	149	583	**1709**
कुल	**1386**	**425**	**485**	**262**	**876**	**3434**

******